## महत्वपूर्ण एवं खास

### लोक सेवा केन्द्र एवं सीएससी व्हीएलई की कार्यशाला 19 नवम्बर को

रायगढ़। जिले में स्थापित लोक सेवा केन्द्र, सामान्य सेवा केन्द्रों के संचालकों द्वारा दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता सुधार हेतु समय-समय पर प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है। जिसके संबंध में 19 नवम्बर 2022 को कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसके तहत प्रात:10.30 बजे से पूर्वान्ह 11.30 बजे तक सामान्य सेवा केन्द्र की नई सेवाओं के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी तरह पूर्वान्ह 11.30 से दोपहर 12.30 बजे तक बैंकिंग एवं पेय पाईंट बैंक सखियों की सेवाओं का प्रशिक्षण, दोपहर 12.30 से 01 बजे तक आयुष्मान कार्ड पंजीयन प्रशिक्षण, दोपहर 1.30 से 2.30 बजे तक श्रम कार्ड, ई-श्रम कार्ड के पंजीयन का प्रशिक्षण, दोपहर 2.30 से अपरान्ह 3 बजे तक लोक सेवा केन्द्र की सेवाओं का प्रशिक्षण, अपरान्ह 3.30 से 4 बजे तक सूक्ष्म बीमा एवं अन्य सेवाओं की जानकारी एवं प्रशिक्षण तथा शाम 4.30 से 5 बजे तक प्रश्नोतरी सत्र का आयोजन होगा।

### जिला चिकित्सालय में आंखो की जांच हेतु नवीन एन्जियोग्राफी मशीन स्थापित

**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन व सीएमएचओ डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय रायगढ़ में आंखो की जांच हेतु नवीन एन्जियोग्राफी मशीन एवं अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों की स्थापना की गई है। राज्य शासन के द्वारा सीजीएमएससी के माध्यम से तीन नवीन आंखों के जांच एवं उपचार संबंधी मशीन प्रदाय की गई है। जिसके तहत रेटिना जांच के लिये फंडस कैमरा जिसे आई एन्जियोग्राफी के नाम से जाना जाता है, की स्थापना किया गया है। साथ ही बेहतर पिक्चर क्वालिटी का इमेजिन स्लिट लैंप स्थापित किया गया है तथा आई.ओ.टी.में नवीन केमरा युक्त हायर एंड माइक्रोस्कोप की स्थापना की गई है। इससे मरीजों के आंखों की जांच एवं उपचार में बेहतर सुविधा मिलेगी। यह सभी कार्य डॉ.आर.एन. मंडावी की निगरानी में संचालित होगा।

### विकास खण्ड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन आज

**रायगढ़।** विकासखण्ड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 16 नवम्बर 2022 को रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर में किया जा रहा है। जिसमें दो आयु वर्ग 15 से 40 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक शामिल होंगे। जिसमें लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी नाटक (हिंदी भाषा, छत्तीसगढ़ी भाषा), शास्त्रीय गायन (हिंदुस्तानी/कर्नाटक शैली), सितार वादन, बांसुरी वादन, तबला वादन, वीणा, मृदंगम, हारमोनियम (शास्त्रीय वादन) गिटार (भारतीय/पाश्चात्य शैली), मणिपुरी (शास्त्रीय नृत्य), ओड़िशी शास्त्रीय नृत्य), भरतनाट्यम(शास्त्रीय नृत्य) कत्थक, शास्त्रीय नृत्य),कुचीपुड़ी,शास्त्रीय नृत्य) तात्कालिक भाषण शामिल है। उपरोक्त विधाओं के अतिरिक्त निम्नांकित विधाएं भी शामिल होगी-सुआ, पंथीनृत्य, करमानाचा, सरहुल, बस्तरिहा लोकनृत्य, राउतनाचा, फुगड़ी, भौंरा, गेड़ी दौड़, पारम्परिक वेशभूषा, फूड फेस्टिवल, चित्रकला (छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति के चित्रण के आधार पर),वाद विवाद (तात्कालिक एवं समसामयिक विषयक), क्विज, निबंध, कबड्डी (महिला एवं पुरुष) खो-खो (महिला एवं पुरुष), कुश्ती के अलावा मुख्यमंत्री के द्वारा की गई घोषणानुसार राज्य के लोकसाहित्य को शामिल किया जाना है। विकासखण्ड के विजेता प्रतिभागी जिला स्तर पर सम्मिलित हो सकेंगे।

# सीमावर्ती इलाकों में बढ़ाएं चौकसी, संवेदनशील केंद्रों में रखें विशेष निगरानी- कलेक्टर रानू साहू

- **समाधान शिविर से पहले डोर टू डोर सर्वे पूरा करने के दिए निर्देश**
- **कलेक्टर साहू ने ली समय-सीमा की बैठक**



**रायगढ़।** जिले में धान खरीदी का कार्य जारी है। अगले कुछ दिनों में उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक बढ़ेगी। इसके लिए वहां तमाम जरूरी सुविधाओं के साथ ही जिले के सीमावर्ती इलाकों में पर्याप्त निगरानी रखी जानी है। जिससे अवैध धान बिक्री के लिए न आए। उक्त निर्देश कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए। धान खरीदी कार्य की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में मिलर्स सही बारदाने भेजें। खाद्य अधिकारी ने बताया कि इस बार खराब बारदाने को रिजेक्ट करने का ऑप्शन भी दिया गया है। उन्होंने संवेदनशील केंद्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश देते हुए उप पंजीयक सहकारिता को इसके लिए विशेष रूप से संयुक्त टीम गठित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि समितियों में पटवारी द्वारा सत्यापित रकबे के आधार पर खरीदी की जाए।

कलेक्टर साहू ने वृहत समाधान और स्वास्थ्य शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिविर में चिन्हित गंभीर मरीजों के आगे उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शिविर के आगे की रूप रेखा के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि अगला शिविर लैलूंगा विकासखंड के बसंतपुर ग्राम में 19 नवंबर को आयोजित होना है। उसके पहले सभी विभाग के ब्लॉक लेवल के अधिकारी अपनी विभागीय योजनाओं से हितग्राहियों को जोडऩे और उनकी समस्या के संबंध में डोर टू डोर सर्वे करे। जिससे शिविर वाले दिन तक उन समस्याओं का निराकरण कर लिया जाए।

कलेक्टर साहू ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा भी बैठक में की। उन्होंने गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के बारे जानकारी ली। उन्होंने वन मंडलाधिकारियों से कहा कि वन विभाग के गौठानों में भी नियमित रूप से खरीदी होनी चाहिए। उन्होंने हरा चारा उत्पादन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न बीमा योजनाओं के हितग्राहियों के भुगतान को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के हितग्राही की यदि मृत्यु होती है या दुर्घटना होती है तो उसका क्लेम उसे मिल सके। इसके लिए सभी पंचायत में सचिवों के पास ने गांव के हितग्राहियों की डिटेल होनी चाहिए। जिससे ऐसी स्थिति में तत्काल भुगतान की कार्यवाही शुरू की जा सके। कलेक्टर साहू ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को फौती और नामांतरण के प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**भुगतान आहरण में किसानों को न हो समस्या-** उन्होंने धान खरीदी उपरांत किसानों द्वारा भुगतान आहरण के दौरान उनकी सुविधा का पूरा ध्यान रखने के निर्देश अपेक्स बैंक के नोडल अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि बैंक के कर्मचारी भुगतान का कार्य पूरी गंभीरता से करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिकायत पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

**चावल की गुणवत्ता का करें नियमित परीक्षण-** धान खरीदी के पश्चात चावल जमा किए जाने को लेकर भी कलेक्टर साहू ने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चावल के गुणवत्ता का नियमित परीक्षण किया जाए। इसकी औचक जांच करने के निर्देश उन्होंने अपर कलेक्टर्स को दिए। साथ ही कहा कि जो लॉट गुणवत्ता टेस्ट में मानक अनुरूप नहीं पाया जाता है उस लॉट को वापस कर दें। उन्होंने नान के अधिकारी को कहा कि क्वालिटी इंस्पेक्टर्स पूरी सजगता से अपना कार्य करें। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## स्वास्थ्य विभाग मना रहा विश्व मधुमेह दिवस सप्ताह, 20 नवम्बर तक चलेगा कार्यक्रम



**रायगढ़।** जिले में 20 नवम्बर तक विश्व मधुमेह दिवस सप्ताह के रूप मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में रायगढ़ शहरी क्षेत्र के समस्त शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नि:शुल्क जांच व उपचार व दवाई वितरण कर विश्व मधुमेह सप्ताह पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें 30 वर्ष उम्र या उससे अधिक उम्र के सभी व्यक्तियों को नि:शुल्क जांच (बीपी शूगर)उपचार व दवाई वितरण किया जा रहा है एवं डॉ.भावना साहू द्वारा योगा कराया जा रहा है। आज कार्यक्रम के दौरान महापौर नगर निगम जानकी काटजू, वार्ड पार्षद ईशकृपा तिर्की, डीएचओ डॉ.एस.टोप्पो, नोडल अधिकारी डॉ.योगेश पटेल, सीपीएम प्रभुदत्ता बस्तिया, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.काकोली पटनायक, प्रभारी मीडिया अधिकारी उमा महंत, जया मजुमदार एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पड़ोसी पर कुल्हाड़ी से प्राण घातक चोंट पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार, ग्राम आमाडोल की घटना

- **हत्या के प्रयास मामले में खरसिया पुलिस ने आरोपी को भेजा रिमांड पर**



**रायगढ़।** खरसिया के ग्राम आमाडोल में रहने वाला कन्हैया लाल पटैल (67 वर्ष) कल अपने पड़ोसी पंचराम राठिया (45 साल) पर टांगी से वार कर संघातिक चोट पहुंचाया है, आहत पंचराम राठिया को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम तत्काल हमराह स्टाफ के साथ ग्राम आमाडोल जाकर आरोपी कन्हैया लाल पटेल की पतासाजी कर उसे हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे आज "हत्या के प्रयास" मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

घटना के संबंध में पंचराम राठिया के भतीजे हितेश कुार राठिया (24 साल) थाना खरसिया में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके बडे पिता जी पंचराम राठिया और कन्हैया लाल पटैल पडोसी है, कन्हैया लाल पटैल, उसकी पत्नी के साथ बडे पिता जी पंचराम राठिया को बातचीत करते देखकर अश्लील गाली गलौच करता था। करीब 2 माह से कन्हैया लाल पटैल, बडे पिता जी पंचराम राठिया से रंजीश रखकर उन्हें देखकर गाली गलौच करता था और दिनांक 14.11.2022 के करीब 08.30 बजे घर के गली में कुल्हाडी से पंचराम राठिया के गाल, गले और माथा में मारकर घायल कर दिया था जिसे डायल 112 वाहन से शासकीय अस्पताल खरसिया ईलाज के लिये लेकर गये, जहां से रायगढ़ रिफर किया गया है। रिपोर्टकर्ता के रिपोर्ट पर आरोपी कन्हैया लाल पटैल पिता स्वर्गीय अंत राम पटैल उम्र 67 वर्ष निवासी आमाडोल थाना खरसिया पर धारा 307आईपीसी का अपराध दर्ज कर आरोपी कन्हैया लाल पटैल को हिरासत में लिया गया। आरोपी अपने पड़ोसी पंचराम को रंजीश पर कुल्हाड़ी से मारना बताया। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और आरोपी के पहने कपड़े बरामद कर जप्त किया गया और आज रिमांड पर भेजा गया है।

## दुर्गापुर कॉलोनी में ऑनलाइन सट्टा खिला रहे 5 आरोपी गिरफ्तार

- **आरोपियों से 2 लैपटॉप व 3 मोबाइल जब्त**
- **आरोपियों के मोबाइल पर हुए हैं लाखों रुपए के ऑनलाइन ट्रांजैक्शन**
- **आरोपियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही**



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा द्वारा ऑनलाइन सट्टा पर कार्यवाही के दिए गए दिशा-निर्देश पर धरमजयगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक नंदलाल पैकरा द्वारा एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर मुखबिर लगाकर कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में कल शाम थाना प्रभारी धरमजयगढ़ को क्षेत्र में लगाये उनके सक्रिय मुखबिर द्वारा दुर्गापुर कॉलोनी में रहने वाला राकेश ढाली नाम के युवक अपने मकान में ऑनलाइन सट्टा खिलाए जाने की सूचना दिया गया। तत्काल थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम दुर्गापुर राकेश ढाली के मकान पर रेड कार्यवाही किया गया, जहां 5 व्यक्ति मकान मालिक राकेश ढाली, धरमजयगढ़ का जयदेव हलदार और उनके दोस्त पवन नाथ, सुंजन कुमार सिंहा और भगवाननाथ मिले जो लैपटॉप मोबाइल पर ऑनलाइन सट्टा गेम साइट/लिंक आईडी में जनरेट कर ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए मिले। आरोपियों के मोबाइल में लाखों रुपए के ऑनलाइन ट्रांजैक्शन मैसेज पाया गया मौके पर आरोपी पवन नाथ से 1 एचपी कंपनी का लैपटॉप, सुंजन कुमार सिंहा से एक एचपी कंपनी का लैपटॉप, आरोपी भगवान नाथ, जयदेव हवलदार और राकेश ढाली से अलग-अलग 3 रेडमी कंपनी के मोबाइल जप्त किए गए हैं। आरोपियों से कुल रु.1,15,000 कीमत की सम्पत्ति जप्त कर आरोपियों पर थाना धरमजयगढ़ में धारा 4 (क) सार्वजनिक द्यूत के तहत कार्यवाही किया गया है। सट्टा रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा के साथ सहायक उपनिरीक्षक डेविड टोप्पो, आरक्षक पुष्पेंद्र सिदार तथा अर्जुन एक्का शामिल थे। इसके पूर्व भी धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा पर कार्रवाई किया गया था।

रेड में पकड़े गये आरोपी-

01. पवन नाथ पिता मांगो नाथ उम्र 23 वर्ष साकिन कृष्णाधाम अहमदाबाद थाना वेजलपुर जिला अहमदाबाद (गुजरात) हॉल दुर्गापुर धरमजयगढ़

02. सुंजन कुमार सिंहा पिता स्व0 जयनंदन प्रसाद सिंहा 31 वर्ष साकिन हजारीबाग ओकनी छोटा शिव मंदिर गली थाना सदर जिला हजारीबाग (झारखंड) हॉल दुर्गापुर धरमजयगढ़

03. भगवाननाथ पिता रामनाथ उम्र 22 वर्ष साकिन पानगावड़ा जेताना उदयपुर थाना सलुम्बर जिला उदयपुर (राजस्थान) हॉल दुर्गापुर धरमजयगढ़

04. जयदेव हलदार पिता लखन हलदार उम्र 25 वर्ष साकिन संतोष नगर पतरापारा थाना धरमजयगढ जिला रायगढ़

05. राकेश ढाली पिता समर ढाली उम्र 21 वर्ष साकिन दुर्गापुर कालोनी थाना धरमजयगढ जिला रायगढ़।

## कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्र छिन्द का आकस्मिक निरीक्षण, किसानों से मिलकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने आज ग्राम पंचायत छिन्द के धान खरीदी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी से नये किसानों के जुडऩे की संख्या एवं धान के प्रकार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छोटे किसानों के लिए पहली प्राथमिकता में टोकन जारी करने को कहा। साथ ही बफर लिमिट का ध्यान रखते हुए तेजी से धान उठाव करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. आलम ने धान बेचने आये किसानों से चर्चा की एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। धान बेचने आए एक किसान ने बताया कि उन्होंने 96 क्विंटल धान बेचा है एवं बेचने में किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं है, साथ ही उन्होंने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया कि इस बार उन्हें धान बेचने के लिए एक महीने का अतिरिक्त समय मिला है। कलेक्टर डॉ.आलम ने धान उपार्जन केंद्र की भूमि को समतलीकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि एक दिन में जितने किसानों से धान की खरीदी हो सके, उतने ही किसानों को धान खरीदी केंद्र में बुलाया जाए। ताकि कोई भी किसान धान बेचने के लिए आए और उसे अनावश्यक रूप से अधिक समय तक रूकना पड़े।

## रायगढ़ के विभिन्न स्कूल व कॉलेजों में आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम



**रायगढ़।** जिले में 14 नवंबर से 20 नवंबर तक मनाये जा रहे "बाल सुरक्षा सप्ताह" दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर आज विभिन्न थानाक्षेत्र अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसी परिप्रेक्ष्य में सुरेशा चौबे उप सेनानी 6वीं वाहिनी छसबल के हमराह जिले की पुलिस महिला रक्षा टीम डीपीएस स्कूल एवं डीपीएस बीएड कॉलेज पहुँचकर छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया गया। स्कूली बच्चों को बाल अपराधों एवं बाल अधिकारों की जानकारी दिया गया, साथ-साथ गुड टच एवं बैड टच बताकर ऐसी घटनाओं को बिना डरे अपने टीचर एवं माता-पिता को बताने कहा गया। कॉलेज की छात्राओं को घरेलू हिंसा, सायबर सम्बंधी अपराधों, व्हाट्सएप, फेसबुक एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे आनलाईन फ्राड, मोबाइल सेफ्टी डिवाईट टिप्स की जानकारी दिया गया और सायबर क्राइम से बचने के उपाय बताये गये।

इसी क्रम में तराईमाल, गेरवानी स्कूल में पूंजीपथरा पुलिस तथा तमनार कॉलेज में थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे द्वारा छात्राओं को यौन अपराधों, साइबर अपराधों, मानव तस्करी के दुष्प्रभाव पर विस्तृत जानकारी दिया गया और बचाव के उपाए बताये गये। थाना प्रभारी तमनार द्वारा छात्राओं को अवांछनीय घटनाओं को अपने अभिभावक और सहेलियों के साथ साझा करने कहा गया और यदि कोई व्यक्ति बुरी नजर रखता है तो बिना किसी दबाव के परिवार के साथ पुलिस थानों में पहुँचकर सहायता लेने और ऐसे व्यक्तियों को सजा दिलाने प्रेरित किया गया।

## दृष्टिहीन मिथिला का मौके पर बना राशन कार्ड, शारीरिक रूप से असमर्थ लोगों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से लाभान्वित करने के दिए निर्देश

- **जनदर्शन में पहुंचे 145 से अधिक आवेदक, अधिकारियों को आवेदनों में तत्काल कार्यवाही के दिए निर्देश**



**रायगढ़।** मां अपनी दृष्टिहीन बेटी मिथिला को लेकर जनदर्शन में पहुंची। ग्राम पंचायत गढ़उमरिया निवासी गीता बाई साव ने अपनी दृष्टिहीन बेटी के लिए शासन की राशन कार्ड, विकलांग, आवास जैसे विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवेदन किया। कलेक्टर साहू उनके आवेदन पर खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया एवं मौके पर ही उन्हें अंत्योदय अन्न योजना के विशेष कमजोर वर्ग का राशन कार्ड बनाकर प्रदाय किया। कलेक्टर द्वारा बालिका के लिए शासकीय योजनाओं में हर संभव मदद करने की बात कही। राशन कार्ड बनने पर दोनों ने कलेक्टर को धन्यवाद दिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, निगम आयुक्त संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर राजीव पांडे उपस्थित थे।

जनदर्शन में ग्राम डोकरबुडा घरघोड़ा निवासी धर्मेंद्र कुमार डनसेना ने बताया कि उन्हें मोटर न्यूट्रॉन डिसेसिस नामक गंभीर बीमारी है, जिसका इलाज कई डॉक्टरों से करवा चुके है। लेकिन अब तक ठीक नहीं हुआ। जिसके कारण बहुत खर्चा हो चुका है, आर्थिक समस्या के कारण अब वे ईलाज नहीं करा पा रहे है, उन्होंने कलेक्टर से आर्थिक मदद की मांग की। इसी प्रकार तहसील तमनार के ग्राम कचकोबा निवासी विदेशी सोनी ने बताया कि वे शारीरिक दिव्यांग है, उनके हाथ और शरीर में। समस्या होने के कारण वो मजदूरी नहीं कर पाते। उनके दो बच्चे है, पत्नी साथ नही होने से राशन न मिलने से परिवार के भरण पोषण में समस्या हो रही है। उन्होंने अपनी आर्थिक समस्या के मद्देनजर आर्थिक सहायता की मांग की। कलेक्टर साहू ने दोनों प्रकरण में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से आर्थिक लाभ प्रदान करने अधिकारी को निर्देश दिए। तहसील पुसौर के ग्राम सूरजगढ़ निवासी ओमप्रकाश निषाद ने दोनों पैर से नि:शक्त होने के कारण आवागमन में समस्या होने की बात बताई एवं उचित साधन प्रदाय करने के लिए आवेदन किया। जिस पर कलेक्टर साहू ने समाज कल्याण विभाग को उचित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। नावापारा निवासी बालकृष्ण चौहान एवं हेमसागर चौहान ने वन भूमि पट्टा प्रदाय करने का आवेदन किया। उन्होंने कहा की पट्टा प्रदाय हेतु लिस्ट बनने के बाद भी पट्टा नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर साहू ने एसडीएम रायगढ़ को जांच के निर्देश दिए। तहसील तमनार के ग्राम मिलूपारा निवासी खुशी राम, नोहर साय ने काबिज भूमि के अधिग्रहित भूमि का मुआवजा दिलाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर साहू ने जांच के निर्देश दिए। ग्राम तमनार निवासी सुकदेव प्रसाद डनसेना ने बताया कि उन्हें भूमि अधिग्रहण के पश्चात नौकरी नहीं दिया जा रहा है। इसी प्रकार ग्राम बगुडेगा के प्रभावित ग्रामीणों ने लैलूंगा बाकारूमा मार्ग चौड़ीकरण भू-अर्जन भूमि की मुआवजा राशि प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिए। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान उनकी निजी भूमि को अधिगृहित कर लिया गया। लेकिन आज पर्यंत मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया किया गया है। कलेक्टर साहू ने भू-अर्जन शाखा को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार राशन, पेंशन, बिजली बिल, राजस्व, पट्टा आदि सभी आवेदन पर कलेक्टर साहू ने विभागीय अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480